शुभ लाभ DAILY

### श्री कांठा प्रांत जैन ट्रस्ट द्वारा केपीबीएल का आयोजन

# कारवान को हराकर अमरदीप ने जीता ओसवाल बैडमिंटन कप




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री काँठा प्रांत जैन ट्रस्ट, बेंगलूरु द्वारा काँठा समाज के युवाओं में आपसी जुड़ाव बढ़ाने, नेटवर्किंग का विस्तार करने तथा खेल कौशल को निखारने के उद्देश्य से आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में टीम अमरदीप शटलर्स ने टीम कारवान स्मैशर्स को हराकर ओसवाल कप अपने नाम किया।

बेंगलूरु के वसंतनगर स्थित कर्नाटका बैडमिंटन एसोशिएशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में 310 मैच की कड़ी स्पर्धा के बाद विजेता का निर्णय हुआ। प्रतियोगिता के 245 लीग व क्वाटर फाइनल मुकाबलों से गांधी गेमर्स, प्राचीन क्राफ्टर्स, कारवान स्मेशर्स व अमरदीप शटलर्स ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। अमरदीप ने गांधी गेमर्स को तथा कारवान ने प्राचीन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच अंतिम पॉइंट तक चलने से दर्शकों व टीम मालिकों की धड़कने बार बार ऊपर नीचे होती रही। प्रतियोगिता के समारोह की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तमचंद कोठारी ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अच्छे खेल के साथ खेल भावना के प्रदर्शन का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि हैदराबाद के प्रसिद्ध व्यवसायी मोतीलाल भलगट ने कांठा प्रांत ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल समाज के युवाओं की खेल प्रतिभा में निखार आता है, साथ समाज में एक जुटता का मार्ग भी प्रशस्त होता है। मुख्य प्रायोजक श्रीपाल खिवेंसरा ने मुख्य प्रायोजन का अवसर उनके परिवार को देने के लिये ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए हुब्बल्ली के महेंद्र सिंघी ने कहा कि युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा के प्रदर्शन का यह उचित मंच है, जहां आपसी नेटवर्किंग बढ़ाने का भी समान अवसर मिलता है। केपीबीएल संयोजक रमेश गुगलिया एवं सह संयोजक विमल गांधी के अनुसार श्रीपाल खिवेसरा के मुख्य प्रायोजन, नवीनकुमार कोटरिया के फूड प्रायोजन, शांतिलाल सुराणा के पारितोषिक प्रायोजन, पारसमल बोहरा के वेन्यू प्रायोजन, उत्तमचंद कोठारी के ऑक्शन प्रायोजन, मीठालाल पटवा के जर्सी प्रायोजन एवं राजेशकुमार गांधी के विशेष प्रयोजन में प्रतियोगिता का सफल संचालन हुआ। ट्रस्ट के महामंत्री सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्राफी के साथ नगद पुरस्कार भी दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं तेलंगाना राज्यों के कांठा प्रांतीय महानुभावों की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कांठा ट्रस्ट के ट्रस्टियों तथा सहयोगी सदस्यों का अथक सहयोग रहा।

# वी. प्रेन्यूर्स की बैठक में उद्यमशीलता के सफर और व्यवसाय की सफलता पर चर्चा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
पगारिया जेबीएन वी. प्रेन्यूर्स ने चामराजपेट स्थित जीतो कार्यालय में एक अत्यंत आकर्षक और प्रभावशाली बैठक का आयोजन किया। बैठक की शुरुआत नवकार मंत्र के उच्चारण से हुई, जिसने सकारात्मक और केंद्रित माहौल बनाया।

बेक ग्लैमर की सोनिया मांडोत ने प्रेरणादायक 8-मिनट की प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने अपने उद्यमशीलता के सफर और अपने व्यवसाय की सफलता को साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे लॉकडाउन का समय उनके लिए उनके उद्यम की शुरुआत का अवसर बना। वह हर उत्सव के लिए शुद्ध, घर पर बने केक प्रदान करने की प्रेरणा से प्रेरित हैं। उनकी संक्षिप्त और प्रभावी प्रस्तुति ने उनकी दृष्टि और समर्पण को बखूबी प्रस्तुत किया। सभी सदस्यों ने उनके द्वारा बनाए गए केक और अंत में वितरण किए गए चॉकलेट का भरपूर आनंद लिया। जीतो बेंगलूरु साउथ महिला विंग की अध्यक्ष बबीता रायसोनी ने इस आयोजन की शोभा बढ़ाई। उन्होंने सदस्यों को व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने के लिए बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने निरंतर सीखने के महत्व पर जोर दिया और सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने कौशल और व्यावसायिक रणनीतियों को नवीनीकरण, बेहतर संस्करण और नवाचार करें, ताकि व्यावसायिक विकास को गति दी जा सके। सदस्यों ने उत्साहपूर्वक 30-सेकंड की व्यावसायिक प्रस्तुति दी, जिसमें उनकी रचनात्मकता और उद्यमशीलता की भावना प्रदर्शित हुई। बैठक का कुशल संचालन रेफरल हेड नीलम शांड, रेफरल लीड लताशा भंडारी, रेफरल सचिव ज्योति कोचट्टा ने किया। सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक 30-सेकंड पिच मीतू जैन, प्रथम संपर्ककर्ता कनक जैन और शीतल जैन, सबसे अधिक संदर्भ देने वाली रचिता सुराना, एक-से-एक बैठक के लिए तृप्ति जैन को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। बैठक में सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे सहयोग और एकता की भावना को प्रोत्साहन मिला। सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# मकर संक्रांति पर अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
मकर संक्रांति के पावन पर्व पर राष्ट्रीय चेतना परिवार ने मंगलवार को बेंगलूरु स्थित जे.डी. मारा स्लम, बीटीएम, बन्नेरघट्टा रोड पर जरूरतमंदों के लिए अन्नदान का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग को सहायता प्रदान करना था। इस अवसर पर बच्चों, बुजुर्गों और स्लम में रहने वाले परिवारों में चावल, गुड़, दाल, कपड़े, कंबल आदि सामग्री का वितरण किया गया। यह पहल जरूरतमंदों के जीवन में खुशी और राहत लाने का एक प्रयास था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय चेतना परिवार के कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, नीलम, विवेकी और उनके परिवार के सदस्य, रेनू कुकरेती आदि की उपस्थिति और सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम द्वारा राष्ट्रीय चेतना परिवार ने अपने छोटे- छोटे कार्यों, सहयोग एवं सेवा भावना से प्रेरित होकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया।

# भवन अच्छा है तो गतिविधियां भी होती रहनी चाहिए: साध्वी



**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।**
हासन तेरापंथ सभा भवन में साध्वी संयमलता जी का मंगल भावना कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत हासन तेरापंथ महिला मंडल की बहनों की मंगल भावना गीतिका से हुई। साध्वी रौनक जी ने हासन को साताकारी क्षेत्र बताते हुए कहा कि भवन अच्छा है तो गतिविधि भी होती रहनी चाहिए। जैसे बंद घर में जाले लग जाते हैं, वैसे ही भवन में गतिविधियां हो तो सभी को आकर सामायिक करनी चाहिए। प्रोग्राम करने चाहिए, ताकि भवन और श्रावक खिले रहे। साध्वी मार्दव श्रीजी ने कहा कि साल का समापन हमारे पदार्पण से हुआ और साल की शुरुआत का पहला त्योहार मकर संक्रांति भी यही हुई है। अब यह पूरा साल साधु संतों का आवागमन रहेगा। सेवा में लगे रहे, ऊर्जा बनी रहेगी। साध्वी संयमलता जी ने कहा कि मंगल भावना को विदाई की जगह बधाई दी जानी चाहिए।

संक्रान्ति का मतलब है परिवर्तन और परिवर्तन संसार का नियम है, क्योंकि हम कोई भी अच्छा कार्य करते हैं तो बधाई देते हैं, आगमन से जो धर्म आराधना हुई है वो तो इसकी बधाई देते हुए इसकी खुशी मनानी चाहिए। साध्वी ने कहा कि हम जो अच्छा कार्य करता है उसे अप्रिशिएट करते हैं किसी को अप्रिशिएट करना और तारीफ करना दो अलग-अलग बातें हैं, प्रोत्साहित करने से मनुष्य में आगे बढ़ने की इच्छा जागृत रहती है, और तारीफ करने से उसका विकास रुक जाता है। इस क्षेत्र के लोग सहयोगी है। भवन में शनिवार की सामायिक करें धम्म जागरण करें तो भवन ऊर्जावान रहेगा। साध्वी जी ने सभी श्रावकों से खमतखामणा किया। इससे पहले हासन तेरापंथ महिल मंडल मंत्री पिंकी गुलगुलिया, मलनाड अध्यक्ष महावीर भंसाली, हासन तेरापंथ सभा अध्यक्ष सोहनलाल तातेड, अणुव्रत समिति अध्यक्ष चांदमल सुराणा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. जयंतीलाल कोठारी, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष नितेश सुर-णा, ज्ञानशाला प्रशिक्षिका ममता कोठारी, हेमराज आशोरिया ने मंगल भावना पर अपने-अपने विचार रखते हुए सभी साध्वियों से खमतखामणा किया। कार्यक्रम के अंत में बेंगलूरु में हुए शिविर में भाग लेने वाले ज्ञानशाला के बच्चे और गुरुदेव के रास्ते की सेवा करके आए बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। हासन तेरापंथ सभा मंत्री विमल कोठारी ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन साध्वीजी के मंगल पाठ के साथ हुआ।

# धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति पर्व



**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
चामुंडी पहाड़ी की तलहटी स्थित मैसूरु पिंजरापोल सोसायटी परिसर में मकर संक्रांति पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सोसायटी के सचिव विनोद खाबिया ने बताया कि संरक्षित गायों की पूजा अर्चना कर गौपालकों ने गायों में हरा चारा, गुड़, केला आदि डाला।

बाबा रामदेव मंदिर तथा श्रीकृष्ण मंदिर में महिला भक्तों ने देव गीत गाए। संरक्षित गायों के चारे-पानी की व्यवस्था हेतु आर्थिक सहयोग दिया गया। गायों को हल्दी से रंग कर आग के ऊपर से दौड़ाया गया। उन्होंने आगे बताया कि गायों को आग से ऊपर के दौड़ाने से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है तथा भूमि पर शांति का वातावरण बनता है। कई प्रकार के रोग नष्ट हो जाते है। इस मौके पर समाजसेवी महेंद्र सिंह राजपुरोहित, पुष्पा देवी, यशोदा कंवर, सुनीता राजपुरोहित, किरण सिंह राजपुरोहित, ओमप्रकाश बड़ोला, घेवरचंद बड़ोला, पिंजरापोल सोसायटी के सचिव विनोद खाबिया, कोषाध्यक्ष अशोक धोका, विमल मुथा सहित बड़ी संख्या में गौभक्त उपस्थित रहे।

# महक मेवाड़ की, चहक नारी शक्ति की सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री मेवाड़ जैन बीसा ओसवाल संघ की शाखा श्री मेवाड़ जैन बीसा ओसवाल महिला मंडल के तत्वावधान में कनिष्का होटल में महक मेवाड़ की, चहक नारी शक्ति की, संस्कृति राजस्थान की, नामक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बालिका मंडल द्वारा नमस्कार महामंत्र के मंगलाचरण से हुई। महिला संगठन की सहसंयोजिका गरिमा हिंगड़ ने मेवाड़ जैन बीसा ओसवाल के निवर्तमान अध्यक्ष, मंत्री, नव नर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश बुरड़, युवा संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष राकेश संचेती एवं नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश बाबेल का स्वागत किया।

मेवाड़ महिला संगठन की संयोजिका लाड़ बड़ौला ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। महिला मंडल की पूर्व संयोजिका, सह संयोजिका कांता लोढ़ा, कुसुम डांगी, मेघना हिरण, विजयलक्ष्मी चोरड़िया, कुसुम कटारिया, लीला खाबिया ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में बालिका मंडल और महिला मंडल द्वारा राजस्थानी नृत्य, खम्मा घणी, पधारो म्हारे देश, ड्रामा व कविता, नाटक, स्वागत गीत, कौन है पक्का मेवाड़ी की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। बिंदु मेहता ने संचालन करते हुए गेम का आयोजन किया। लकी ड्रा भी रखा गया, जिसमें प्रथम स्थान पर प्रदीप बाबेल, दूसरे स्थान पर हस्तीमल बाबेल और तीसरे पर नरेश कोठारी रहे। कार्यक्रम में मेवाड़ बीसा ओसवाल के अध्यक्ष, मंत्री शान्तिलाल बाबेल, नरेंद्र सामर, मनोहर हिरण, पुखराज बाफना, सुशील बोहरा, सुरेन्द्र आंचलिया, कन्हैयालाल सुराणा, सुरेश नवेदिया, प्रकाश लोढ़ा, महेन्द्र संचेती, युवा संगठन के पूर्व अध्यक्ष, मंत्री विनोद बाफना, सुनिल चोरड़िया, कमलेश भरसारिया, अरिहंत कावड़िया, राजेश कोठारी, नरेश कोठारी, गौतम खबिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सभी ने म्हारो प्यारो राजस्थान रो का गुणगान किया।

स्नेहलता बाफना को नयी संयोजिका नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही महिला मंडल के अंतर्गत बालिका मण्डल का भी गठन हुआ।

# भारतीय स्टेट बैंक में विश्व हिंदी दिवस मनाया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
स्टेट बैंक के बेंगलूरु स्थित स्थानीय प्रधान कार्यालय में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (सतर्कता) उदय कुमार बिस्वास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विश्व हिंदी दिवस के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला और स्टाफ-सदस्यों से अनुरोध किया कि अपने-अपने कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें। इस अवसर पर बैंक के राजभाषा विभाग के शिव कुमार सिंह द्वारा आओ अपनी हिंदी परखें प्रश्नमंच प्रतियोगिता का संचालन किया गया, जिसमें 8 टीमों ने हिस्सा लिया। उनमें से अत्यधिक अंकों के साथ विजयी 4 टीमों को उदय कुमार बिस्वास ने पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता के संचालन में विभाग की गिरिजा कुंबार, के एन श्रीनिवास एवं एचआर के प्रसाद ने सहायता प्रदान की। विभाग के सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) कोंगे दत्तात्रेय राव ने आभार जताया।

# बीजेएस के गौतम बाफना राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विक्रम जैन हुब्बल्ली चैप्टर के अध्यक्ष मनोनीत




**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भारतीय जैन संघठना (बीजेएस) के नविन कार्यकारिणी की बैठक में गौतम बाफना को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही मुकेश हिंगड़ को राज्य कम्युनिटी कार्यक्रम का चेयरमैन, विक्रम जैन को क्षेत्रीय चयरमैन के साथ हुब्बल्ली चैप्टर का अध्यक्ष, प्रकाश कवाड को क्षेत्रीय अध्यक्ष, हुब्बल्ली चैप्टर के उपाध्यक्ष पद पर महावीर कोठारी, सचिव पद पर संदीप बाफना और कोषाध्यक्ष पद पर भरत पटवारी को सर्व सम्मति मनोनीत किया गया।

बीजेएस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौतम बाफना ने बताया कि हम सभी मिलकर हमारी संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शांतिलाल मुथा के नेतृत्व में देश भर के समस्त राज्यों में चैप्टर के माध्यम से अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इन सेवाओं में जल है तो कल है के तर्ज पर तालाबों का कायाकल्प कर जल निकायों के पुनरुद्धार के माध्यम से जल उपलब्धता में सुधार करना शामिल है। इस कार्य को करने के लिए सरकार के साथ अनेक दानी भी अपना सहयोग प्रदान कर रहे है।

बीजेएस का स्मार्ट गर्ल कार्यक्रम, जिसे पहले ईओजी (लड़कियों का सशक्तिकरण) के नाम से जाना जाता था, एक अनूठा प्रयास है जो 13-21 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरियों के भावनात्मक विकास से संबंधित मुद्दों और चिंताओं को संबोधित करने का प्रयास करता है।

2008 से, सरकारी स्कूलों/कॉलेजों में पढ़ने वाली 6 लाख से अधिक लड़कियों को स्मार्ट गर्ल कार्यक्रम के माध्यम से सशक्त बनाया गया है। इसी प्रकार से कई अन्य कार्यक्रम किए जाते हैं।

# क्रोध, मान, माया, लोभ को कम करना जरूरी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि मोहजित कुमार जी ने संयम कुंज केंगेरी उपनगर में प्रवचन देते हुए फरमाया कि हमें हमारे जीवन की सार्थकता सिद्ध करनी है, क्रोध मान माया लोभ को कम करना है। तेरापंथ युवक परिषद को जागरूक एवं दक्षता की ओर अग्रसर करते हुए अनेक कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। मुनि मोहजित कुमार जी, मुनि जयेश कुमार एवं मुनि भव्य कुमार जी ने चिकमगलूरु का एक ऐतिहासिक एवं सफलतम चातुर्मास संपन्न कर बेंगलूरु नगर निगम की सीमा में प्रवेश किया। इस अवसर पर तुलसी निकेतन समिति उदयपुर के अध्यक्ष सुरेश दक एवं राजराजेश्वरी नगर सभा के मंत्री गुलाब बांटिया एवं विजयनगर सभा अध्यक्ष मंगल कोचर ने मुनि की अभ्यर्थना में स्वागत भाषण दिया। मर्यादा महोत्सव 2 फरवरी को अरहम भवन विजयनगर श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा विजयनगर के तत्वावधान में संभावित है।

# जाति जनगणना रिपोर्ट होनी चाहिए सार्वजनिक: गृह मंत्री

### हमें रिपोर्ट के सार के बारे में तो पता चलेगा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि जाति जनगणना रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए। उन्होंने यह बात गुरुवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में विवादास्पद जाति जनगणना रिपोर्ट पेश किए जाने पर टिप्पणी करते हुए कही। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा जाति जनगणना का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाना चाहिए। रिपोर्ट पर निर्णय अलग मामला है। हमने पहले भी देखा है कि जनगणना के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। मैं अभी यह नहीं बता पाऊंगा कि कैबिनेट बैठक में इस पर चर्चा होगी या नहीं। कम से कम हमें रिपोर्ट के सार के बारे में तो पता चलेगा। सरकार ने जाति जनगणना पर करदाताओं के करीब 160 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उस रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। रिपोर्ट पर कार्रवाई करना अलग बात है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करना सरकार का विवेकाधिकार होगा। इस संबंध में सरकार का निर्णय अंतिम है। जाति जनगणना रिपोर्ट को कैबिनेट बैठक में खोला जाना चाहिए। इसे सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाता है। किसी को भी इसे पहले नहीं खोलना चाहिए और इससे सूचना लीक होने की संभावना रहेगी। इसलिए एहतियात बरती जा रही है कि इसे केवल कैबिनेट मीटिंग में ही खोला जाए। भाजपा और जद (एस) ने दावा किया है कि रिपोर्ट त्रुटिपूर्ण है और मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के इशारे पर तैयार की गई है।

प्रभावशाली वोक्कालिगा और लिंगायत समुदाय के नेताओं ने फिर से सर्वेक्षण की मांग की है। आरोप है कि जाति जनगणना सर्वेक्षण का इस्तेमाल राज्य में मुस्लिम आबादी को अधिक दिखाने के लिए किया जा सकता है। दलित और पिछड़े समुदायों के विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में सीएम सिद्धरामैया से मुलाकात की और राज्य में जाति जनगणना रिपोर्ट को लागू करने की मांग की। भाजपा ने बार-बार आरोप लगाया है कि जब भी सीएम सिद्धरामैया राजनीतिक अनिश्चितता का सामना करते हैं, तो वे जाति जनगणना के मामले को सबसे आगे ले आते हैं। सीएम और डिप्टी सीएम के नई दिल्ली दौरे पर टिप्पणी करते हुए परमेश्वर ने कहा सीएम और डिप्टी सीएम को नई दिल्ली में नए एआईसीसी भवन के उद्घाटन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है और इसी पृष्ठभूमि में वे नई दिल्ली में हैं।

मुझे नई दिल्ली जाना था, लेकिन सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के व्यस्त होने के कारण मैंने अपनी यात्रा स्थगित कर दी है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के प्रतिनिधियों की बैठक के आयोजन के बारे में निर्णय लिया जाएगा। आबकारी मंत्री आर.बी. थिम्मापुरा के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि वे सीएम बनने में सक्षम हैं, परमेश्वर ने कहा कि मंत्री थिम्मापुरा 30 वर्षों से राजनीति में हैं और उनमें यह क्षमता है। उन्होंने कहा हाईकमान के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय महासचिव की ओर से निर्देश है कि राज्य में सीएम के बदलाव के बारे में न बोलें। पार्टी के माध्यम से सामुदायिक बैठकें आयोजित करने के निर्णय पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा हम अपनी समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, पार्टी चाहे तो सामुदायिक बैठकें आयोजित कर सकती है। पार्टी हम हैं। क्या हमारे बिना पार्टी का अस्तित्व है? हम पार्टी का निर्माण करते हैं। हम होंगे तो पार्टी अस्तित्व में रहेगी। हम समुदाय पार्टी का निर्माण करते हैं और इसी समुदाय ने पार्टी का निर्माण किया है। कांग्रेस पार्टी एक आंदोलन है और यह दावा करना कि हम कैडर आधारित पार्टी नहीं हैं, गलत है और यह एक आंदोलन है। मैं ज्योतिष नहीं जानता कि मार्च में कांग्रेस में कोई बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम होगा या नहीं।

### भविष्यवाणी पता होती तो मैं बयान देता

अगर मुझे ज्योतिष और भविष्यवाणी पता होती तो मैं बयान देता। जिन लोगों ने मंत्रियों से प्रदर्शन रिपोर्ट ली है, उन्हें कैबिनेट फेरबदल के बारे में बात करनी होगी और मैं टिप्पणी नहीं कर सकता। हमने रिपोर्ट सौंप दी है। मैंने अपने विभाग के बारे में भी एक प्रस्तुतिकरण दिया है। 2014 में, सिद्धरामैया (सीएम के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान) ने कर्नाटक सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक जनगणना का आदेश दिया। तत्कालीन पिछड़ा वर्ग आयोग एच. कांताराजू की अध्यक्षता वाली एक समिति ने लगभग 169 करोड़ रुपये की लागत से सर्वेक्षण किया। रिपोर्ट 2016 तक तैयार हो गई थी, हालांकि, बाद की सरकारों ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। एच.डी. कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली कांग्रेस और जेडीएस गठबंधन सरकार और बी.एस. येदियुरप्पा और बसवराज बोम्मई ने भी रिपोर्ट को लंबित रखा। 2020 में राज्य की भाजपा सरकार ने जयप्रकाश हेगड़े को आयोग का प्रमुख नियुक्त किया, लेकिन रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। हेगड़े ने 29 फरवरी, 2024 को सिद्धरामैया सरकार को अंतिम रिपोर्ट सौंपी।

# केपीसीसी को नया अध्यक्ष नियुक्त करना चाहिए: सतीश जारकीहोली



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विधानमंडल की बैठक के बाद भी कांग्रेस पार्टी में असहमति के बयान शांत नहीं हुए हैं। लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली सीधे केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार के खिलाफ खुला बयान लेकर मैदान में उतर आए। जब डीके शिवकुमार ने विधानसभा में बेलगावी कांग्रेस कार्यालय के निर्माण का श्रेय मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर को देने का प्रस्ताव रखा तो सतीश जारकीहोली ने इसका सीधे तौर पर विरोध किया। बेंगलूरु में पत्रकारों से बात करते हुए जारकीहोली ने कहा कि केपीसीसी के लिए नया अध्यक्ष नियुक्त किया जाना चाहिए।

नये अध्यक्ष की नियुक्ति होनी चाहिए। हमने एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला से अनुरोध किया है कि नए अध्यक्ष को बदलने का निर्देश दें। इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति है कि केपीसीसी अध्यक्ष बदला जाएगा। हमें एक पूर्ण अध्यक्ष की जरूरत है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पार्टी का नेतृत्व कोई भी संभाले, वोट लाने वाले तो होने ही चाहिए। इसका फायदा हमें अगले चुनाव में मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मामला उस जाति या इस जाति का नहीं है। निचले स्तर पर केपीसीसी अध्यक्ष के बदलाव की चर्चा है। हर कोई बदलाव चाहता है। उन्होंने कहा कि जब एआईसीसी प्रतिनिधि से उनकी बातचीत हुई तो उन्होंने 25 जनवरी के बाद इस पर बात करने का वादा किया। मैंने अध्यक्ष पद को लेकर अपनी राय सीधे हाईकमान तक पहुंचा दी है। हमने पार्टी के संगठन को लेकर भी चर्चा की। हमारे बीच नफा-नुकसान को लेकर विश्लेषण चल रहा है। मैंने अनुरोध किया था कि मुझे विधान सभा में बोलने के लिए समय दिया जाये। लेकिन कोई मौका नहीं मिला। हमने अपने विचारों से पार्टी नेताओं को अवगत करा दिया है। सब कुछ एक बार में हल नहीं होगा। समय की जरूरत है। हर कोई कह रहा है कि पार्टी महत्वपूर्ण है। हमारी भी यही राय है। उन्होंने कहा कि कोई भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल नहीं था। हाईकमान को स्पष्ट निर्णय देना चाहिए कि डीके शिवकुमार को अध्यक्ष बने रहना चाहिए या नहीं। 2023 से पहले पार्टी संगठन की गति धीमी हो गई है। खासकर विधानसभा चुनाव संपन्न होने और सरकार बनने के बाद संगठन अपेक्षित स्तर पर संगठित नहीं हो पा रहा है। हमारा आग्रह नहीं है कि अध्यक्ष बदलना चाहिए। अगर वह जारी रहे तो कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी संगठन को ज्यादा समय देते हैं उन्हें नेतृत्व करना चाहिए। मेरे सहित सभी मंत्री विभाग के काम में लगे हुए हैं। पार्टी संगठन में कोई शामिल नहीं है। इससे पहले, आलाकमान ने घोषणा की थी कि लोकसभा चुनाव के बाद केपीसीसी अध्यक्ष को बदल दिया जाएगा। केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में इस संबंध में लिखित समझौता हुआ। यदि क्षमता है तो 2-3 पद देने में कोई आपत्ति नहीं है। कोई कह रहा है कि सतीश जारकीहोली को पार्टी का अध्यक्ष होना चाहिए तो कई कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी को पिछड़े वर्ग से ज्यादा वोट मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इस महीने के अंत में दिल्ली जा रहे हैं और हाईकमान से चर्चा करेंगे।

## लक्ष्य बदलने के इरादे से जाति जनगणना की चर्चा को लाया जा रहा आगे: चलवाडी नारायणस्वामी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाडी नारायणस्वामी ने कहा कि कांग्रेस सरकार कई भ्रष्टाचार घोटाले, मुख्यमंत्री बदलने का मुद्दा, केपीसीसी अध्यक्ष बदलने का मुद्दा समेत कई तरह की समस्याओं का सामना कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लक्ष्य बदलने के इरादे से जाति जनगणना की चर्चा को आगे लाया गया है। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी में पहले से ही इसका विरोध हो रहा है। उन्होंने बताया कि एक तरफ डीके शिवकुमार और दूसरी तरफ श्यामनूर शिवशंकरप्पा भी विरोध कर रहे हैं।

कांताराजू की रिपोर्ट में क्या है, यह भी जयप्रकाश हेगड़े ने बताया है। तो पिछले कई वर्षों में क्या बदलाव आया है? उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति की आबादी वास्तव में करीब 1.50 करोड़ है, लेकिन इसे एक करोड़ आठ लाख दिखाया गया है। कोई सही आंकड़ा नहीं है। अगली जनगणना अप्रैल और मई में होगी। उन्होंने कहा कि तभी सही आंकड़े प्राप्त होंगे। उन्होंने विश्लेषण किया कि उन्होंने जो किया है वह सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक जनगणना है न कि जातीय जनगणना। हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर हर बात को ध्यान में रखा जाए और कोई भेदभाव न हो तो इस पर सहमति बन सकती है। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अगर इसे लागू करना है तो इसके फायदे और नुकसान को समझना चाहिए और अगर यह लोगों के लिए उपयोगी है तो इस पर चर्चा होनी चाहिए। हालाँकि, वे लीक कर रहे हैं और चर्चा कर रहे हैं। 60 फीसदी कमीशन को लेकर ठेकेदार सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। वह एक पत्र भी लिख रहे हैं। सरकार के पास इनका कोई जवाब नहीं है। इसलिए उन्होंने उन पर लक्ष्य बदलने के लिए ऐसी हरकतें करने का आरोप लगाया।

# सीएम कल मेंगलूरु में बहुसंस्कृति उत्सव राज्य खेल 2025 का करेंगे उद्घाटन



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सिद्धरामैया 17 जनवरी को टाउन हॉल और मंगला स्टेडियम में क्रमशः बहुसंस्कृति उत्सव और राज्य खेल 2025 का उद्घाटन करेंगे। कर्नाटक सुवर्ण संभ्रम समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित बहुसंस्कृति उत्सव 17 जनवरी को टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा।

यह आयोजन कन्नड़ और संस्कृति विभाग के साथ-साथ तुलु, बेरी, कोंकणी, अरेबाशे, कोडवा और यक्षगान अकादमियों द्वारा दक्षिण कन्नड़, उडुपी और कोडागु के जिला प्रशासन के सहयोग से एक संयुक्त प्रयास है। सीएम सिद्धरामैया उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार, स्पीकर यू टी खादर, मुख्यमंत्री के कानूनी सलाहकार एएस पोन्नन्ना, जिला प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव, मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर, एनएस बोसराजू और शिवराज एस थंगादगी, विपक्षी नेता आर अशोक, सांसद कैप्टन बृजेश चौटा, कोटा श्रीनिवास पुजारी और यदुवीर चामराज वाडियार, विधायक वेदव्यास कामथ, डॉ. भरत वाई शेट्टी, उमानाथ कोटियन, हरीश पूंजा, राजेश नाइक, भागीरथी मुरुल्या और सुनील कुमार और अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। उत्सव की शुरुआत एक जीवंत जुलूस से होगी। इसका उद्घाटन स्पीकर यू टी खादर 17 जनवरी को शाम 4 बजे करेंगे, जो शारदा विद्यालय से शुरू होकर टाउन हॉल में समाप्त होगा। राज्य खेल 2025 भी 17 जनवरी से शुरू हो रहे हैं, जिनका उद्घाटन सीएम सिद्धरामैया मंगला स्टेडियम में करेंगे। यह आयोजन 23 जनवरी तक चलेगा। खेलों में मेंगलूरु, उडुपी, मणिपाल और बेंगलूरु में 25 कार्यक्रम होंगे। मेंगलूरु में 12, उडुपी में 8, मणिपाल में 3 और बेंगलूरु में 2 कार्यक्रम होंगे। कुल 3,247 एथलीट पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 631 स्वर्ण, 631 रजत और 827 कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

मेंगलूरु में होने वाले कार्यक्रमों में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, तलवारबाजी, फुटबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, नेटबॉल, तैराकी, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, वुशू और ताइक्कांडो शामिल हैं। उडुपी और मणिपाल में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, साइकिलिंग, जूडो, कबड्डी, कुश्ती, कयाकिंग, कैनोइंग, हॉकी, लॉन टेनिस और टेबल टेनिस की मेजबानी की जाएगी। जिमनास्टिक और निशानेबाजी की स्पर्धाएं बेंगलूरु में आयोजित की जाएंगी।

## गाय के थन काटने के मामले की हो रही निष्पक्ष जांच: बी दयानंद



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** सिटी पुलिस कमिश्नर दयानंद ने कहा कि चामराजपेट के विनायकनगर के पेंशन मोहल्ले में तीन गायों के थन काटने के मामले को हमने गंभीरता से लिया है और निष्पक्ष जांच चल रही है। यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह शैतानी हरकत है। जैसे ही उस दिन घटना सामने आई, हमारी पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया, जांच की और स्थानीय साक्ष्य और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच जारी है। एक पत्रकार के इस सवाल का जवाब देते हुए कि क्या घटना में कोई और भी शामिल था, उन्होंने कहा कि वह अभी इस बारे में कुछ नहीं कह सकते क्योंकि मामले की जांच चल रही है। राममूर्तिनगर थाना क्षेत्र में छह साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या का मामला सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने यह भी कहा कि डीसीपी और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में जल्द ही आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी कर रही है। ऐश्वर्या गौड़ा के खिलाफ शहर में तीन मामले और मांड्या पूर्व पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया है। कमिश्नर ने कहा कि शहर भर के मामलों की जांच जारी है और काफी जानकारी जुटाई गई है।

## सिद्धरामैया के इस्तीफे का समय नजदीक : विजयेंद्र



**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बी.वाई.विजयेंद्र ने कहा कि मुडा घोटाले में मुख्यमंत्री के परिवार ने गरीबों के लिए आरक्षित भूखंडों पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया। अगर प्लॉट लौटा भी दिए गए तो भी यह एक गलती थी। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अपराध तो अपराध है। सिर्फ परिसर लौटाने से कलंक से मुक्ति नहीं मिल सकती। आज वे स्नेहमई कृष्णा को धमकी दे रहे हैं और मामले दर्ज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सब साजिश है। स्नेहमई कृष्णा ने न्याय की लड़ाई नहीं छोड़ी है। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि स्नेहमई कृष्णा के अनुरोध के अनुसार उच्च न्यायालय इस मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंप देगा। यह सिर्फ 14 स्थान नहीं है, बल्कि इसमें 5000 करोड़ से ज्यादा का घोटाला हुआ है। जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, हजारों प्लॉट रियल एस्टेट ब्रोकरों को बेचे गए हैं। मुडा घोटाले के मुद्दे पर बीजेपी लगातार संघर्ष करती रही है। उन्होंने बताया कि हमने बेंगलूरु से मैसूरु तक ट्रैकिंग भी की थी। पहले सिद्धरामैया ने कहा कि कोई अवैधता नहीं है और अगर मुआवजा दिया गया तो वह जमीन वापस कर देंगे। इसके बाद उन्होंने बिना कोई मुआवजा मांगे मुडा को 14 प्लॉट वापस कर दिया। हमारे संघर्ष के परिणामस्वरूप, सिद्धरामैया को समझ में आ गया है कि अवैधता मुख्यमंत्री की कुर्सी का कांटा है। सिद्धरामैया का इस्तीफा तय है। उन्होंने कहा कि चाहे वे कितनी भी कोशिश कर लें, उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना ही होगा।

# नाबालिगों के साथ सामूहिक बलात्कार के आरोप में दो गिरफ्तार



**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती कर दो नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर रायबाग तालुक के सावसुड्डी गांव के पास एक पहाड़ी पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी भी गायब है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. भीमाशंकर गुलेड़ ने बुधवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि अलकनूर निवासी अभिषेक बलप्पा बेवनूर ने इंस्टाग्राम के जरिए नाबालिग लड़की से दोस्ती की थी और उसे मैसेज भेज रहा था। पिछले महीने कोकटनूर मेले के दौरान उसकी पीड़िता से मुलाकात भी हुई थी। दोस्ती करने के बाद उसने पीड़िता को अपने साथ सावदत्ती चलने को कहा था। उसने पीड़िता को हरुगेरी में बस स्टैंड के पास आने को कहा था। 3 जनवरी को जब पीड़िता अपने एक अन्य दोस्त के साथ बस स्टैंड के पास पहुंची तो बेवनूर एक कार में उनका इंतजार कर रहा था, जिसमें हरुगेरी निवासी अन्य आरोपी आदिलपाशा शब्बीर जमादार और अलकनूर निवासी कौतुक बानू बडिगर भी थे।

वे दोनों नाबालिग लड़कियों को सावसुड्डी गांव के पास एक पहाड़ी पर ले गए। बेवनूर और जमादार ने पहाड़ी पर पीड़िता के साथ बलात्कार किया, जबकि बडिगर ने कार में दूसरी नाबालिग के साथ बलात्कार किया। उन्होंने अपने कृत्यों का वीडियो और तस्वीरें भी लीं और धमकी दी कि अगर वे फिर से उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए नहीं आईं तो वे उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने दोनों पीड़ितों को अपने साथ गोवा चलने के लिए भी बुलाया था। बलात्कार की घटना के बाद, दोनों नाबालिग सदमे की स्थिति में थीं, लेकिन उनमें से एक ने हिम्मत जुटाई और अपने परिवार के सदस्यों को उनके साथ हुई दरिंदगी के बारे में बताया।

13 जनवरी को हरुगेरी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी बेवनूर और जमादार को पकड़ लिया और उनके सेल फोन बरामद कर लिए।

उनके फोन में बलात्कार की घटना के कुछ वीडियो मिले हैं, अन्य वीडियो डिलीट हो सकते हैं। उन्होंने कहा हमने डिलीट किए गए डेटा को रिकवर करने के लिए उनके सेल फोन को साइबर फोरेंसिक लैब में भेज दिया है। तीसरे आरोपी बदीगर की तलाश शुरू कर दी गई है, जो वाहन लेकर फरार हो गया है। हम आरोपियों के पिछले रिकॉर्ड और अन्य अपराधों में उनकी संलिप्तता की भी जांच कर रहे हैं। हमें जानकारी मिली है कि आरोपी जमादार का भाई भी ऐसे कामों में शामिल था और उसकी हत्या कर दी गई थी।

# गाय पर अत्याचार मामला : भाजपा ने राज्यव्यापी विरोध की बनाई योजना

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र और विपक्ष के नेता आर. अशोक के नेतृत्व में मंगलवार शाम को एक प्रतिनिधिमंडल ने चामराजपेट में हाल ही में एक व्यक्ति द्वारा काटे गए तीन गायों के मालिकों से मुलाकात की और घटनास्थल का भी दौरा किया। इस जघन्य अपराध के लिए एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद, भाजपा ने इस मुद्दे पर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। भाजपा दावा कर रही है कि एक व्यक्ति द्वारा अपराध करना संभव नहीं था और वह इस भयावह घटना की उचित जांच की मांग कर रही है। मकर संक्रांति त्योहार के मद्देनजर, टीम ने गौ पूजा भी की। भाजपा की राज्य टीम कॉटनपेट पुलिस स्टेशन की सीमा में दुंडुमारीअम्मा मंदिर के पास घायल गायों के मालिक के घर गई। दौरे के दौरान, टीम ने गाय के मालिक को नैतिक समर्थन दिया। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद पी.सी. मोहन, एमएलसी एन. रविकुमार, बेंगलूरु सेंट्रल जिला अध्यक्ष सप्तगिरी गौड़ा, पूर्व आईपीएस अधिकारी और भाजपा नेता भास्कर राव, पार्टी के प्रमुख सदस्य और



स्थानीय नेता मौजूद थे। विपक्षी नेता आर. अशोक ने घोषणा की कि ऐसी घटनाओं से हिंदू भयभीत नहीं होंगे।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा मैंने व्यक्तिगत रूप से चामराजपेट में गायों के थन काटे जाने और उनका खून बहाए जाने के बाद उनकी दुर्दशा देखी है। यह किसी एक व्यक्ति का कृत्य नहीं है। इस अपराध में कई लोग शामिल हैं। पुलिस को गहन जांच करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा यह कृत्य ऐसे महत्वपूर्ण समय में किया गया जब प्रयागराज में संक्रांति उत्सव और महाकुंभ मेला चल रहा है। इसके अलावा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर गाय के मालिक कर्ण पर गायों को उन्हें सौंपने के लिए दबाव डाला। भाजपा ने गाय के मालिक को मुआवजे के तौर पर एक लाख रुपये दिए हैं।

हिंदू झुकने की स्थिति में नहीं हैं। कांग्रेस के दोहरे मापदंड हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो उन्होंने मालिक को तीन नई गायें उपहार में देने की पेशकश की, जबकि उनके अपने लोग उन्हें मार रहे थे। मुझे अब पुलिस और सरकार दोनों पर संदेह है। आरोपी की जेब में ब्लेड पाया गया और पुलिस ने दावा किया कि वह मानसिक रूप से अस्थिर है। ऐसा व्यक्ति दस साल तक फैक्ट्री में कैसे काम कर सकता है? वह सुबह 3-4 बजे कैसे मौके पर पहुंचा? वे गाय के मालिक कर्ण पर सीधे हमला नहीं कर सकते थे, इसलिए उन्होंने चेतावनी के तौर पर उनकी गायों पर हमला किया। फिर भी, सीएम सिद्धरामैया ने निंदा में एक शब्द भी नहीं कहा। अगर मुसलमानों के साथ कुछ हुआ होता, तो वे तुरंत जवाब देते। हालांकि, हम इस वोट बैंक की राजनीति से नहीं डरते। यह एक धार्मिक युद्ध है और भाजपा पूरे राज्य में गोहत्या और हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ लड़ेगी। अशोक ने उचित जांच न होने पर गुस्सा जताया और इसकी तुलना पिछली घटना से की, जिसमें एमएलसी सी.टी. रवि को गिरफ्तार कर गन्ने के खेत में रखा गया था। इस मामले में, आरोपी को जांच के लिए पुलिस हिरासत में लिए बिना सीधे अदालत में पेश किया गया था। उन्होंने कहा इससे जांच रुक गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धरामैया से दूध देने वाली गायों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया और कहा गौ माता के साथ विश्वासघात न करें। मीडिया से बात करते हुए विजयेंद्र ने कहा राज्य और देश के हिंदुओं ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। कर्नाटक के इतिहास में ऐसी घटना कभी नहीं हुई। भारत एक ऐसी भूमि है जहाँ हम गाय की पूजा करते हैं और इसे पवित्र माना जाता है और इस त्रासदी ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। विजयेंद्र ने कहा कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने गायों के मालिक के घर का दौरा किया और भाजपा सांसद पी.सी. मोहन ने उनके परिवार की मदद के लिए उन्हें एक गाय दान की है।

# केओनिक्स विक्रेताओं ने प्रियांक खड़गे पर उत्पीड़न का लगाया आरोप

### इच्छा मृत्यु की मांग की

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

सरकारी स्वामित्व वाली कर्नाटक राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (केओनिक्स) से जुड़े विक्रेताओं ने भारत के राष्ट्रपति को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। उन्होंने ग्रामीण विकास और पंचायत राज (आरडीपीआर), आईटी और बीटी मंत्री प्रियांक खड़गे और कांग्रेस विधायक शरत बच्चेगौड़ा, जो केओनिक्स के अध्यक्ष भी हैं, पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। केओनिक्स विक्रेताओं के संघ ने मंगलवार को पत्र प्रस्तुत करते हुए दावा किया कि कथित व्यक्तिगत प्रतिशोध के कारण पिछले डेढ़ साल से उनके लंबित बिलों का भुगतान नहीं किया गया है। संघ ने इस बात पर जोर दिया कि 400 से 500 विक्रेता गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं, जिसका असर करीब 6,000 परिवारों पर पड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई विक्रेता या उनके परिवार के सदस्य आत्महत्या करते हैं, तो इसकी जिम्मेदारी मंत्री खड़गे और विधायक बच्चेगौड़ा की होगी। वसंत बंगेरा और एसोसिएशन के अन्य सदस्यों ने अपनी दलील में कहा हमें हर दिन परेशान किया जाता है। केओनिक्स विक्रेताओं



का जीवन बर्बाद हो गया है। हम पर निर्भर 6,000 परिवार सड़कों पर आ गए हैं। इसके मद्देनजर, हम विनम्रतापूर्वक दया मृत्यु की अनुमति मांगते हैं। केओनिक्स, जो राज्य में 48 वर्षों से कार्यरत है, ने सरकार को विभिन्न सेवाएँ प्रदान करने के लिए 450 से 500 छोटे उद्योगपतियों को विक्रेता के रूप में पंजीकृत किया है। बंगेरा ने कहा कि लगातार सरकारों ने केओनिक्स के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखे। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि 2023 में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद स्थिति बदल गई और पिछले तीन-चार महीनों से विक्रेता अपने भुगतान को मंजूरी देने के लिए अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनके प्रयासों का कोई नतीजा नहीं निकला है। एसोसिएशन ने दावा किया कि पूर्व सीईओ ने 12 प्रतिशत कमीशन की मांग की और जब विक्रेताओं ने इनकार कर दिया, तो उनके बिल रोक दिए गए। विरोध प्रदर्शन करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। पत्र में आगे आरोप लगाया गया है कि मंत्री खड़गे ने मामले को व्यक्तिगत रूप से लिया है, जांच के बहाने भुगतान रोक दिया है, जबकि विक्रेताओं ने अपना काम पूरा कर लिया है और सरकारी विभागों ने केओनिक्स को पहले ही धन जारी कर दिया है। कई विक्रेता, जिन्होंने अपने संचालन के लिए ऋण लिया था, अब वित्तीय संकट में हैं और दबाव के कारण आत्महत्या करने पर विचार कर रहे हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि मंत्री खड़गे, विधायक बाच्चेगौड़ा, मुख्यमंत्री, राज्यपाल और अन्य अधिकारियों से बार-बार की गई अपील को नजरअंदाज कर दिया गया है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि सब कुछ जानबूझकर किया गया लगता है। यह सुनिश्चित करने के लिए नए नियम बनाए गए हैं कि 450 से 500 विक्रेताओं में से कोई भी अपनी स्थिति बरकरार न रख सके, इसके बजाय बड़ी कंपनियों को तरजीह दी गई है। इसने 6,000 परिवारों को अपनी आजीविका से वंचित कर दिया है। राष्ट्रपति से अपनी अपील में, एसोसिएशन ने तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया और राज्य सरकार से उनके जीवन को बचाने के लिए एक सप्ताह के भीतर उनका बकाया जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया।

# निरीक्षण के दौरान विचाराधीन कैदियों ने जिला जेल कर्मचारियों पर किया हमला

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

जिला जेल में एक घटना की सूचना मिली है, जिसमें विचाराधीन कैदियों ने निरीक्षण कर रहे कर्मचारियों पर हमला कर दिया। जेल अधिकारियों ने घटना के संबंध में बार्के पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। सोमवार रात को कर्मचारियों ने सेल में प्रतिबंधित वस्तुओं की मौजूदगी के संदेह में तलाशी शुरू की। जब उन्होंने ए ब्लॉक का निरीक्षण करने का प्रयास किया, तो विचाराधीन कैदियों ने कथित तौर पर उन्हें धमकाया और प्रवेश करने से रोका। जेल में वर्तमान में सांप्रदायिक आधार पर कैदियों को अलग रखा जाता है, जिसमें ए ब्लॉक में मुस्लिम कैदी और बी ब्लॉक में हिंदू कैदी रहते हैं। यह विवाद तब हुआ, जब जेल



अधीक्षक एम एच अशेकन के नेतृत्व में जेल कर्मचारियों ने नियमित रात्रिभोज सेवा के बाद शाम 7:30 बजे निरीक्षण शुरू किया।

मोबाइल फोन और भांग जैसी प्रतिबंधित दवाओं की मौजूदगी के संदेह में, टीम ने विस्तृत तलाशी लेने की तैयारी की। हालांकि, ए ब्लॉक में कैदियों ने बर्तनों और अन्य वस्तुओं का इस्तेमाल करके हमला किया, साथ ही गाली-गलौज और धमकियां भी दीं। कर्मचारियों ने मामले को बढ़ने से रोकने के लिए आगे की कार्रवाई करने से परहेज किया और इसके बजाय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। बार्के पुलिस स्टेशन में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसमें ए ब्लॉक के सभी कैदियों के नाम हैं। जेल कर्मचारियों की सुरक्षा और जेल के भीतर अनुशासन को मजबूत करने के लिए जांच जारी है।

# मैं दलित हूं, मुख्यमंत्री क्यों नहीं बन सकता: मंत्री तिम्मापुर

**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कांग्रेस पार्टी में जारी अंदरूनी कलह के बीच मंगलवार शाम को कर्नाटक के आबकारी मंत्री आर.बी. तिम्मापुर ने मुख्यमंत्री पद के लिए अपना दावा पेश करते हुए कहा कि वह दलित हैं और वह मुख्यमंत्री क्यों नहीं बन सकते। यहां पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री तिम्मापुर ने कहा दलितों को मुख्यमंत्री पद क्यों नहीं मिलना चाहिए? मुझे मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनना चाहिए? अगर मैं मुख्यमंत्री बन गया तो कौन आपत्ति करेगा? उन्होंने कहा मुझे यकीन नहीं है कि कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक मेरे नाम को मंजूरी देगी या नहीं। ये सभी कारक भूमिका निभाएंगे। अगर हाईकमान फैसला करता है, तो मैं मुख्यमंत्री बनूंगा। उन्होंने कहा, सोमवार को हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में बेलगावी कार्यक्रम पर चर्चा हुई। किसी विधायक ने असंतोष नहीं जताया। दलित नेताओं की बैठक रद्द नहीं की गई है। हमने इसे स्थगित कर दिया है। दलितों की पीड़ा सुनी जानी चाहिए। मैंने बलिदान के बारे में बात की है। मुख्यमंत्री के बदलाव पर हाईकमान फैसला करेगा। किसने कहा है कि सीएम सिद्धरामैया को पद छोड़ने के लिए कहा जाएगा? मुझे सत्ता के बंटवारे के बारे में नहीं पता। मुझे कैबिनेट फेरबदल के बारे में भी नहीं पता। तीन गायों के थन काटने की घटना के खिलाफ भाजपा के विरोध पर आपत्ति जताते हुए उन्होंने सवाल किया कि क्या दलितों की हत्या की घटनाओं के सामने आने पर भाजपा ने विरोध किया था। उन्होंने कहा दोषियों से निपटा जाना चाहिए और मामले में राजनीति नहीं की जानी चाहिए।



अगर भाजपा ओछी राजनीति से दूर नहीं रहेगी तो जनता उसे सबक सिखाएगी। इस बीच, पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता एसआर पाटिल ने कहा कि वह उत्तर कर्नाटक क्षेत्र से किसी नेता को सीएम पद के लिए चुने जाने का स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा हर विधायक की इच्छा मुख्यमंत्री बनने की होगी। कोई भी व्यक्ति साधु नहीं होता। प्रतिष्ठित पद की मांग करना स्वाभाविक है। मुख्यमंत्री बदलने का मामला हाईकमान पर छोड़ दिया गया है। मुझे सत्ता के बंटवारे के बारे में नहीं पता। कांग्रेस की अंदरूनी कलह पर टिप्पणी करते हुए विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि सिद्धरामैया निवर्तमान मुख्यमंत्री हैं।

उन्होंने कहा कांग्रेस में मतभेद है। पार्टी भविष्य में सत्ता में नहीं आने वाली है। अब लड़ाई मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अंदरूनी कलह कोई नई बात नहीं है। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया दो साल पूरे करने जा रहे हैं। कांग्रेस के कई नेता मुख्यमंत्री बनने की प्रतीक्षा में हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार मुख्यमंत्री पद पर काबिज होने के लिए बेताब हैं और अन्य नेता भी बेताब हैं। अंदरूनी कलह जल्द ही सड़कों पर आ जाएगी। विजयेंद्र ने कहा कांग्रेस के आठ से ज्यादा नेता सीएम बनने का इंतजार कर रहे हैं और जल्द ही सब कुछ सामने आ जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को भाजपा में जो कुछ हो रहा है, उससे परेशान होने की जरूरत नहीं है। भाजपा आलाकमान स्थिति को संभालने और चीजों को सही करने के लिए काफी मजबूत है। समय-समय पर कई कांग्रेस नेता सीएम पद के लिए अपनी दिलचस्पी दिखाते रहे हैं। उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के अलावा राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर, पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जारकीहोली, बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एमबी पाटिल, आरडीपीआर, आईटी और बीटी मंत्री प्रियांक खड़गे के नाम भी चर्चा में हैं।

# सात दिवसीय इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग कोर्स का हुआ समापन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री सिवांची ओसवाल जैन महिला संघ का सात दिवसीय इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग कोर्स, जो 6 से शुरू हुआ, का 13 जनवरी को समापन हो गया। 6 दिन का कार्यक्रम बसवनगुड़ी में स्थित ईआईएमआर बिजनेस स्कूल और सातवें दिन का कार्यक्रम वासवी हॉस्टल ट्रस्ट के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस 7 दिवसीय प्रोग्राम में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के परिक्षक हितेश छाजेड़, नेहा चौधरी एवं मुकेश भंडारी ने सभी प्रतिभागियों को बहुत ही बारीकी से अच्छे वक्ता बनने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ई पी एस कोर्स की किताब से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र छाजेड़ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मधु गोलछा मौजूद थी। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। कार्यक्रम की सभापति प्रीति चौरडिया ने सभी प्रायोजक परिवारों और मेहमानों का स्वागत किया एवं महिला संघ द्वारा किए हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी। अध्यक्ष सीमा मेहता ने अपने भाषण में सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए एक अच्छा वक्ता बनकर अपने विचार को कैसे नई दिशा देनी चाहिए, के बारे में बताया। राजेंद्र छाजेड़ ने महिला संघ द्वारा किए गए सभी कार्यक्रमों की सराहना की। मधु गोलछा ने बताया कि आज से 11 साल पहले जो सिवांची महिला संघ का बीज बोया गया था, वह आज एक वटवृक्ष बन गया है। हेमा चोपड़ा ने अगले कार्यक्रमों की रुपरेखा बताई। डिंपल ओस्तवाल ने सभी प्रायोजक और मेहमानों का आभार जताया। महावीर कानुगा, दीपक जैन का प्रोग्राम में विशेष सहयोग रहा। विजया बाफना, संगीता गुलेछा, रोहिणी मेहता, इंदिरा लालवानी, प्रकाश करण मेहता, नरेंद्र पालरेचा, रमेश छाजेड़, महेश चौरडिया आदि मेहमानों की उपस्थिति रही। ऊषा भंडारी, ललिता छाजेड़, शीतल चोपड़ा, अनीता लुंकड़, सुशीला गोलेछा, मोनिका पालरेचा, मीना रांका, नीतू गुलेछा, रेखा मुणोत, नेहा चौरडिया, डिंपल बागरेचा, निकिशा चौरडिया, गुलाब मेहता, टीनू पालरेचा, उषा श्रीमाल, प्रियंका पालरेचा आदि का सहयोग रहा।

# परमात्मा और गुरुदेव की पूनम भक्ति आयोजित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री जिनदत्त कुशल सूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल बसवनगुड़ी द्वारा दीपकों की रोशनी में अद्भुत अहसास के साथ मकर संक्रान्ति की पूर्व संध्या पर परमात्मा और गुरुदेव की पूनम भक्ति आयोजित की गई। मंडल के महामंत्री ललित डाकलिया ने बताया कि अत्यन्त ही चमत्कारी भक्तों पर विशेष कृपा दृष्टि बरसाने वाले दादा गुरुदेव के विशेष दिवसों में एक प्रति पूर्णिमा को दादावाड़ी में भक्ति संध्या आयोजित की जाती है, जिसमें अनेक कलाकार सदस्य अपनी प्रस्तुतियां देते हैं। दादावाड़ी



में प्रति सोमवार, पूनम और अमावस को पूरे शहर से अनेक भक्तों का दर्शन और पूजन हेतु तांता लागा रहता है और गुरुदेव अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। भक्ति में सनी रांका, नितेश बोहरा, पारस पारख, रेखा लोढ़ा ने सुमधुर स्वर में भक्ति गीतों से उपस्थित सदस्यों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर दादावाड़ी ट्रस्ट से जुड़ी संस्थाओं के अनेक सदस्य उपस्थित थे।



***बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।*** *बेंगलूरु मित्र मंडल द्वारा स्व. रंजीतमल कानूँगा की स्मृति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक और परोपकारी कार्य किए गए। पोंगल कार्यक्रम के अंतर्गत साड़ी और ब्लैंकेट वितरण के साथ-साथ अन्नदानम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मदनराज पिरगल, शांतिलाल भंडारी, रमेश सिसोदिया, सुनील लोढ़ा, पदमराज मेहता, अशोक चोरड़िया और प्रकाश पिरगल समेत अन्य लोग मौजूद थे। पोंगल आयोजन समिति की ओर से कमल, वसंत आदि ने सभी का बहुमान किया।*

# बेंगलूरु बायोइनोवेशन सेंटर में आग लगने से 12 प्रयोगशालाएं हुई जलकर खाक

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी फेज 1 के आईबीएबी कैंपस के हेलिक्स बायोटेक पार्क में स्थित बेंगलूरु बायोइनोवेशन सेंटर (बीबीसी) में मंगलवार को अचानक आग लगने से 12 शोध प्रयोगशालाएं नष्ट हो गईं। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बीबीसी कर्नाटक सरकार के आईटी, बीटी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कर्नाटक जैव प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी सेवा (केबीआईटीएस) के अंतर्गत आता है। 50,000 वर्ग फुट का यह केंद्र 10 एकड़ के परिसर में स्थित है। आईटी/बीटी मंत्री प्रियांक खड़गे ने नुकसान का निरीक्षण करने के लिए घटनास्थल का दौरा किया। बाद में, आईटी और बीटी विभाग ने एक बयान में कहा कि यह दुर्घटना प्रयोगशाला में ज्वलनशील विलायक के अनुचित प्रबंधन के कारण हुई। स्टार्टअप को हुए नुकसान का प्रारंभिक अनुमान 80-110 करोड़ रुपये के बीच है, जबकि बीबीसी की संपत्तियों को अनुमानित नुकसान लगभग 42 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया है गैलोर टेक्सास स्टार्टअप



रूम में दूसरी मंजिल (ईएसएफ07 लैब) में आग लग गई, क्योंकि उनकी लैब में ज्वलनशील विलायक का प्रबंधन ठीक से नहीं किया गया था। सभी बीबीसी स्टार्टअप को पहले ही सूचित कर दिया गया था कि वे अपनी लैब में ज्वलनशील रसायनों का अधिक मात्रा में भंडारण और उपयोग न करें और इसके लिए एक अलग खुला भंडारण क्षेत्र प्रदान किया गया था। विभाग ने कहा कि सुविधा की दूसरी मंजिल, जिसे हाल ही में अधिक संख्या में स्टार्टअप के लिए पुनर्निर्मित किया गया था, पूरी तरह से जल गई, जबकि आपस में जुड़ी एचवीएसी लाइनों के कारण पहली और भूतल को भी भारी नुकसान हुआ। विभाग ने कहा आग ने बेंगलूरु बायो बैंक, क्लीनरूम सुविधा, फ्लोसाइटोमेट्री, एचवीएसी इकाइयों, एसी इकाइयों सहित बीबीसी के सामान्य बुनियादी ढांचे को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। कई इनक्यूबेटेड स्टार्टअप जिनके पास अपने उपकरण थे, उनके उपभोग्य सामग्रियों और आईपी उत्पादों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा। इस बीच, अग्निशमन विभाग ने कहा एक सुरक्षा गार्ड ने आग को नोटिस करने के बाद फायर कंट्रोल रूम को सूचित किया। एक निजी फर्म के एरियल लैडर प्लेटफॉर्म सहित कुल चार दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया।

# बिहार विधान परिषद उपचुनाव के नतीजे घोषित करने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## आरजेडी से निष्कासित नेता के पास थी सीट

**पटना (एजेंसियां)।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बिहार विधान परिषद उपचुनाव के नतीजे घोषित करने पर रोक लगा दी। यह सीट पहले राजद से निष्कासित नेता सुनील कुमार सिंह के पास थी। पिछले साल 26 जुलाई को सुनील कुमार सिंह को सदन में अभद्र व्यवहार की वजह से बिहार विधान परिषद से निष्कासित कर दिया गया था। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके परिवार के करीबी माने जाने वाले नेता पर 13 फरवरी 2024 को सदन में तीखी नोकझोंक के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने का आरोप है।



सुनील कुमार सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को बताया कि सीट के लिए उपचुनाव के नतीजे 16 जनवरी को घोषित किए जा सकते हैं। इसकी वजह यह है कि चुनाव निर्विरोध हुआ है। पीठ ने कहा कि चूंकि वह पहले से ही मामले पर दलीलें सुन रही है, इसलिए इस बीच सीट के लिए कोई परिणाम घोषित नहीं किया जाना चाहिए।

सिंघवी ने कहा कि कोर्ट अगस्त 2024 से निष्कासन के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई कर रही है और अगर कल अदालत याचिका को अनुमति देती है, तो यह एक अजीब स्थिति होगी, क्योंकि एक ही सीट के लिए दो उम्मीदवार होंगे। पीठ ने कहा कि वह 16 जनवरी को राज्य विधान परिषद, आचार समिति और अन्य की दलीलें सुनेंगी, जिसके बाद वह इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रखेगी।

2024 में आचार समिति की ओर से कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह को अपनी रिपोर्ट सौंपे जाने के एक दिन बाद सुनील के निष्कासन का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया था। उन पर मुख्यमंत्री की शारीरिक भाषा की नकल करके उनका अपमान करने और आचार समिति के सामने उपस्थित होने के बाद समिति के सदस्यों की योग्यता पर सवाल उठाने का भी आर-ोप लगाया गया था। उनके निष्कासन के अलावा एक अन्य राजद एमएलसी मोहम्मद कारी सोहैब को भी दो दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया था। आचार समिति की रिपोर्ट में कहा गया कि सोहैब ने जांच के दौरान अपने कार्यों के लिए खेद जताया, जबकि सिंह अपनी बात पर अड़े रहे।

# परीक्षा के लिए बेटे को बस पकड़ाने गए शिक्षक दंपति की सड़क हादसे में मौत

**पटना (एजेंसियां)।**

सुपौल जिले के भीमपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को एनएच 27 पर सुरसर नदी पुल के समीप दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में छातापुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय गांधीनगर टेंगरी की प्रधानाध्यापिका फूलकुमारी देवी और उनके पति कृष्ण मोहन चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब दंपति अपने बेटे को बस पकड़ाने गए थे। बेटे को आईटीआई की परीक्षा के लिए बस लेनी थी। जहां बस पकड़ाने के बाद दंपति सड़क किनारे खड़ा था।

बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप ने दोनों को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। मृतक दंपति भीमपुर वार्ड 11 के निवासी थे। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। वही दूसरी ओर घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने एनएच जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे एनएच पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर, घटना की सूचना पर भीमपुर थानाध्यक्ष मिथिलेश पांडेय के साथ पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस प्रदर्शनकारियों को समझाने में जुटी है। इधर, घटना के विरोध में गुस्साए स्थानीय लोगों ने एनएच 27 को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। वही सूचना पर छातापुर बीडीओ भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने के प्रयास में जुट गए। प्रशासन ने मुआवजे और कार्रवाई का भरोसा दिया, लेकिन प्रदर्शनकारी तुरंत समाधान की मांग कर रहे थे। वही भीमपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस जांच में जुट गई है। लोगों को शांत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



# पटना समेत कई जिलों में हाड़ कंपाने वाली ठंड, बर्फीली हवाओं से गिरा पारा

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार में अचानक ठंड बढ़ गई है। गया, सारण, पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, कोसी मुंगेर, भागलपुर, पूर्णिया प्रमंडल में कई इलाकों में सुबह धूप नहीं निकली। ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट ला दी है। मौसम विभाग के अनुसार, ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट आई है। अगले दो से तीन दिन के अंदर एक और पश्चिमी विक्षोभ आयेगा। इससे तीन से चार डिग्री तक पारा गिर सकता है। पिछले 24 घंटे में पटना का तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस तक कम हो गया। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले चार दिनों तक पश्चिम और पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, बक्सर, रो-हतास, भोजपुर, भभुआ, औरंगाबाद, शिवहर, सीतामढ़ी,



मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर में घना कोहरा रहेगा।

इधर, कोहरे के कारण विमान सेवा भी प्रभावित हुई है। पटना एयरपोर्ट की रनवे पर दृश्यता कम होने के कारण फ्लाइट लेट से लैंड कर रही। पिछले 24 घंटे में दिल्ली से पटना आने वाले इंडिगो और एयर इंडिया के विमान को भी डायवर्ट कर कोलकाता एयरपोर्ट पर उतारा गया। वहीं दिल्ली-पटना स्पाइस जेट को कैंसिल कर दिया गया। इस कारण यात्री काफी परेशान दिखे।

खराब मौसम और कोहरे के कारण दरभंगा एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली सभी 12 उड़ानें कैंसिल कर दी गईं। इस वजह से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार को जहां कड़ी धूप के कारण यात्रियों ने हवाई यात्रा के लिए टिकट बुक किए थे। वहीं, मंगलवार को अचानक खराब मौसम के कारण दरभंगा एयरपोर्ट से मुंबई की फ्लाइट एसजी 950, नई दिल्ली से आने वाली फ्लाइट्स एसजी 751 और 6ई 360, कोलकाता से आने वाली फ्लाइट 6ई 7234, बेंगलुरु से एसजी 327 और हैदराबाद से 6ई 537 उड़ानें रद्द हो गईं। यह उड़ानें रद्द होने के कारण यात्रियों को बहुत अधिक असुविधा हुई, क्योंकि वे दूर-दूर से एयरपोर्ट पहुंचे थे। खासकर सीमांचल, कोसी, तिरहुत और नेपाल से आने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# बिहार का सेंट्रल जेल लिख रहा अनोखी इबारत, स्मार्ट क्लास में कैदी कर रहे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।**

मुजफ्फरपुर का अमर शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा अब केवल कैदियों की सजा काटने का स्थान नहीं रह गया है। यह जेल एक ऐसी अनोखी पहल का गवाह बन रहा है, जहां कैदी न केवल आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहे हैं, बल्कि पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपनी जिंदगी को एक नई दिशा देने की कोशिश कर रहे हैं।

जेल प्रशासन ने कैदियों को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जेल के अंदर ही एक स्मार्ट क्लासरूम तैयार किया है। इस क्लासरूम में बड़े एलईडी स्क्रीन, डेस्क और बेंच लगाकर आधुनिक तकनीक का



उपयोग किया जा रहा है। यहां 18 कैदी बीपीएससी, दारोगा, सिपाही, एसएससी और रेलवे जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

स्मार्ट क्लासरूम में कैदियों को पढ़ाने के लिए दो तकनीकी रूप से दक्ष शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। ये शिक्षक देशभर के चर्चित शिक्षकों के ऑनलाइन वीडियो डाउनलोड कर, उन्हें एलईडी स्क्रीन के जरिए कैदियों को दिखाते हैं। इसके साथ ही कैदियों को आने वाली किसी भी शंका का समाधान कक्षा में ही दिया जाता है।

प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा, 200 से अधिक कैदी राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों में गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र और अंग्रेजी जैसे विषय शामिल हैं।

स्मार्ट क्लास के माध्यम से बंदियों को ये विषय पढ़ाए जा रहे हैं, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है।

जेल अधीक्षक बृजेश सिंह मेहता ने जानकारी दी कि वर्ष 2024 में जेल में पढ़ाई और तैयारी करने वाले तीन कैदियों ने सरकारी नौकरी हासिल की है। यह उपलब्धि न केवल जेल प्रशासन के प्रयासों को दर्शाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि शिक्षा से कोई भी बदलाव संभव है।

जेल प्रशासन की इस पहल से कैदियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। जहां कुछ साल पहले तक जेल केवल सजा का प्रतीक था, वहीं अब यह शिक्षा और सुधार का केंद्र बन चुका है। कैदियों का कहना है कि इस प्रयास ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है।

जेल अधीक्षक बृजेश सिंह मेहता ने कहा कि हम लगातार कैदियों के सुधार और बेहतरी के लिए प्रयासरत हैं। स्मार्ट क्लास की शुरुआत से कैदियों को नई राह मिल रही है। हमारी कोशिश है कि जेल से निकलने के बाद वे एक बेहतर जिंदगी जी सकें।

# पीएमसीएच के डॉ. अजय के साथ पांच जूनियर डॉक्टर पुलिस की रडार पर, एक की तलाश में छापेमारी जारी

**पटना (एजेंसियां)।**

पटना मेडिकल कॉलेज अस्प-ताल के चाणक्य हॉस्टल में लगी आग के बाद हुए खुलासे में जिस डॉक्टर अजय कुमार सिंह का नाम सामने आया था, वह अब तक फरार है। बिहार पुलिस की टीम ने डॉ. अजय कुमार सिंह की गिरफ्तारी के लिए मुजफ्फरपुर और वैशाली में छापेमारी अभियान चलाया। हालांकि वह पुलिस के हाथ नहीं लगा। इतना ही नहीं पुलिस ने यह भी खुलासा किया है कि अजय के साथ साथ एमबीबीएस और पीजी के पांच डॉक्टर भी रडार पर है। जल्द ही पुलिस पूछताछ के लिए हिरासत में लेगी।

इधर, सूत्रों की मानें तो डॉक्टर



अजय नेपाल में छिपा हुआ है। आठ जनवरी को अजय को पीरबहोर थाना की पुलिस पकड़ कर ले गई थी। लेकिन, पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया था। एक डॉक्टर ने बताया कि जिस दिन अजय को पुलिस ने छोड़ा था, उसी दिन वह रुपये से भरे बैग को लेकर फरार हुए था। इतना ही नहीं डॉक्टर अजय को भगाने में मखनियां कुआं के एक कंपाउंडर का नाम सामने आ रहा है। इसने डॉक्टर अजय को भगाने में गाड़ी मुहैया करवाई थी। इसके बाद डॉक्टर अजय नेपाल में जा छिपा।

सोमवार के दिन सीबीआई की टीम भी पीएमसीएच गई और करीब चार घंटे तक पड़ताल की। सीबीआई की टीम ने पीरबहोर और टीओपी थाना को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी प्रकार की जानकारी मिलती है तो साझा करें।

पीएमसीएच के चाणक्य हॉस्टल में बीते दिनों दूसरे तल्ले पर मेडिकल स्टूडेंट अजय सिंह के रूम में आग लग गई थी। इसके बाद फायर ब्रिगेड के तीन गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया था। वही इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ था। उसके रूम से करीब 10-12 लाख के 500-500 और 100 - 100 के जले हुए नोट मिले हैं। साथ ही नीट-पीजी के कई एडमिट कार्ड भी मिला था। इसके अलावा आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी का एमबीबीएस का जला हुआ ओएमआर शीट के साथ एक शराब की आधी खाली बोतल मिली थी। डॉक्टर अजय कुमार सिंह समस्तीपुर जिले का रहने वाला है। वह 2022 में ही पीजी पास कर चुका था। चाणक्य हॉस्टल के छठे तल्ला के एक कमरे, दूसरे तल्ले के एक और नीचे के तल के एक कमरे पर डॉ. अजय ने कब्जा कर लिया था।

सूत्रों का कहना था कि अजय एमबीबीएस और नीट यूजी समेत अन्य मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने के लिए स्कॉलर को बैठाता था। स्कॉलर बैठाकर अभ्यर्थियों और उसके परिजनों से मोटी रकम वसूल करता था। यही नहीं वह एमबीबीएस के इंटरनल एग्जाम में भी एमबीबीएस पास आउट को बैठाकर मेडिकल स्टूडेंट को पास कराता था।

### आएसएस प्रमुख पर तेजस्वी का हमला

# आरक्षण छीनना चाहते हैं मोहन भागवत, वह इसके विरोधी हैं

**जहानाबाद (एजेंसियां)।**

जहानाबाद पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत का बयान महात्मा गांधी बाबू, वीर कुंवर सिंह, सरदार भगत सिंह समेत तमाम स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है। मोहन भागवत एवं उनके टीम पहले तिरंगा भी नहीं फहराते थे। यह लोग आरक्षण विरोधी लोग हैं। इन लोगों से हम पूछना चाहते हैं कि दलित और पिछड़ों को आजादी कब मिलेगी। तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि मोहन भागवत आरक्षण को छीनना चाहते हैं ।आने वाले दिनों में वे कहेंगे जब तक आरक्षण है तब तक देश आजाद नहीं हुआ है। देश की जनता ऐसे लोगों को पहचान रही है। तेजस्वी यादव ने बिहार में खेल होने के सवाल पर कहा कि अब इस चीज पर



विराम लग गई है। अब खेल जनता के हाथ में है आने वाले चुनाव में जनता फैसला करेगी की कौन बिहार में राज करेगा? उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर चुटकी लेते हुए कहा कि वह थक चुके हैं। बिहार उनसे नहीं चल रहा है। उनके इर्द-गिर्द रहने वाले रिटायर पदाधिकारी एवं कुछ लोग बिहार को चला रहे हैं। बिहार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बिहार में भ्रष्टाचार एवं अपराध की गंगोत्री, यमुनोत्री, यमुना सभी नदियों का मिश्रण होकर बह रही है। बिहार की जनता थके हारे मुख्यमंत्री से परेशान हैं।तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो हमलोग माई-बहन मान योजना, हर घर 200 यूनिट बिजली फ्री, वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन 1500 करने का योजना लाएंगे। पहले हम प्रत्येक जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात कर उन्हें मजबूत करने का काम कर रहे हैं।

# लोगों को दवा के पर्चे बांटने वाले वायरल 'पागल डॉक्टर' का गोरखपुर में होगा इलाज

## संस्था ने किया रेस्क्यू

**दरभंगा (एजेंसियां)।**

दरभंगा जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव के निवासी रोहित राम को 'पागल डॉक्टर' के रूप में जाना जा रहा है। उनका वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फर्राटेदार अंग्रेजी में बातचीत करने और राह चलते लोगों को दवा का पर्चा लिखने वाले रोहित की कहानी ने लोगों को चौंका दिया है। पिछले सात वर्षों से मानसिक असंतुलन के कारण सड़कों पर भटकने वाले रोहित को अब उत्तर प्रदेश की गोरखपुर स्थित संस्था 'स्माइल रोटी बैंक' ने इलाज के लिए रेस्क्यू किया है।

जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में रोहित सड़कों पर घूमते हुए लोगों को दवाओं की पर्ची लिखकर देते नजर आ रहे थे। यह वीडियो तेजी से वायरल हुआ और उनकी अनोखी हरकतें चर्चा का विषय बन गईं। स्माइल रोटी बैंक ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर उन्हें रेस्क्यू कर गोरखपुर ले जाकर



इलाज का बीड़ा उठाया है।

रोहित राम का जन्म सिमरी थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव में एक गरीब परिवार में हुआ। आठवीं तक पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली का रुख किया। वहां वे एक दवा की दुकान में काम करने लगे। वर्ष 2013 में दिल्ली में काम करते हुए रोहित को नशे की लत लग गई, जिसके चलते उनका मानसिक संतुलन बिगड़ने लगा। परिवार ने उन्हें 2014 में रांची मानसिक अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन स्थिति में केवल अस्थायी सुधार हुआ।

रोहित की पहली शादी 2005 में पंचोभ पंचायत की पुनीता देवी से हुई, जिनसे उन्हें एक बेटी है। मानसिक अस्थिरता के कारण पुनीता ने बाद में रोहित के छोटे भाई से शादी कर ली। 2016 में रोहित की दूसरी शादी प्रियंका देवी से हुई, जिससे उनका एक बेटा है। लेकिन रोहित की बिगड़ती स्थिति के चलते प्रियंका भी तीन साल पहले उन्हें छोड़कर चली गईं।

रोहित का परिवार भूमिहीन है और दैनिक मजदूरी करके जैसे-तैसे गुजारा करता है। परिवार ने उनकी इलाज की कई कोशिशें कीं, लेकिन आर्थिक स्थिति के कारण वे असफल रहे। उनके पिता राम श्रेष्ठराम ने बताया कि अब वे पूरी तरह हार चुके हैं और रोहित को सड़कों पर भटकते हुए देखना उनकी मजबूरी बन गई थी।

गोरखपुर की संस्था स्माइल रोटी बैंक ने रोहित की स्थिति पर संज्ञान लिया और उन्हें इलाज के लिए अपने साथ ले गई। संस्था ने कहा है कि रोहित का इलाज अच्छे मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जाएगा ताकि उनकी जिंदगी को वापस पटरी पर लाया जा सके।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com